प्रारुप–॥

# NOTE FOR JUSTIFICATION

परियोजना का नाम :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड भिलंगना में घनसाली– घुत्तू मोटर मार्ग के कि0मी0–2 (0–2) व घनसाली–कोटी– अखोड़ी मोटर मार्ग के कि0मी0–3 (6–8) को जोड़ने हेतु अर्द्धगी में भिलंगना नदी पर स्टील गर्डर मोटर सेतु का निर्माण एवं मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।(मार्ग के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव। (लम्बाई– 3.00 कि0मी0 + 76.00 मी0 स्पान सेतु)

उक्त प्रभावित मोटर मार्ग ग्राम–रौंसाल एंव फलेण्डा से होकर गुजरता है, जिनकी आबादी लगभग 3836 है। यह मार्ग घनसाली–घुत्तू मोटर मार्ग के कि0मी0–02 (8–10), क्रास सैक्शन 1/34–1/35 से घनसाली कोटी–अखोड़ी मोटर मार्ग कि0मी0–03 (6–8) पर समाप्त होता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से फलेण्डा, मुन्डेती, रौंसाल, जाख, कोटी, सिलोस, सरुणा, पौखार एवं भिलंग पट्टी तथा ग्यारह गांव पट्टी को भी यातायात की सुविधा होगी। मोटर मार्ग के निर्माण होने से यह मोटर मार्ग बाईपास के रूप में भी कार्य करेगा एवं क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा तथा घनसाली में चारधाम यात्रा के सीजन में लगने वाले ट्रेफिक जाम से भी काफी हद तक निजात मिल सकेगी।

दोनो समरेखण आरक्षित सिविल भूमि एंव नाप भूमि से होकर गुजर रहे है प्रथम संमरेखण को चयनित करने का कारण यह है कि द्वितीय समरेखण के सापेक्ष प्रथम संमरेखण में सिविल भूमि कि लंबाई कम पढ़ रही है अन्य वेकल्पिक भूमि न होने के कारण समरेखण आरक्षित सिविल भूमि एंव नाप भूमि से होकर गुजरता है। समरेखण के अन्तर्गत कोई मकान, मन्दिर, मस्जिद एंव कब्रिस्तान का भाग नही पडता है।

उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 0.45 कि0मी0 है तथा मार्ग की चौडाई 7.00, 9.00 मी0 ली गई है। मार्ग के निर्माण में **0.175 हे0** आरक्षित वन भूमि, **0.070 हे0** सिविल भूमि एंव **0.090 हे0** नाप भूमि प्रभावित होती है। उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु निम्नतम समरेखणो पर विचार किया गया है।

**समरेखण नं0:– 1** इस समरेखण को इन्डेक्स में लाल रंग से दर्शाया गया है। यह समरेखण घनसाली–घुत्तू मोटर मार्ग के कि0मी0–02 (8–10), क्रास सैक्शन 1/34–1/35 से घनसाली कोटी–अखोड़ी मोटर मार्ग कि0मी0–03 (6–8) पर मिलता है। मोटर मार्ग में 1:20 फाल, लेबल ग्रेडिऐन्ट तथा 1:20 राईज प्रस्तावित किया गया है। मोटर मार्ग 100 मीटर लम्बाई में नाम भूमि, 250.00 मी0 आरक्षित वन भूमि तथा 100 मी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि से होकर गुजरता है। मार्ग के समरेखण में कोई भी H.P. बैण्ड नही है। यह समरेखण ग्राम सभा फलेण्डा के निकट अपने अन्तिम बिन्दु पर समाप्त होगा। मोटर मार्ग के प्रारम्भिक बिन्दु, पुल की एवेटमेंट तथा अन्तिम बिन्दु में उच्चता अन्तराल लगभगं 10 मी0 होने के कारण 1:20 फाल एण्ड 1:20 राइज का गेडिऐन्ट प्रस्तावित किया गया है। इस समरेखण पंर ग्राम–सभा रौंसाल के कास्तकारों के सहमति है। तथा खेती भूमि योग्य की अपेक्षाकृत रूप से कम क्षति होगी। तथा समरेखण में किसी प्रकार की राजकीय सम्पत्ति भवन मकान आदि की क्षति होने की सम्भावना नही है, यह समरेखण तकनीकी रूप से भी उचित प्रतीत होता है।

**समरेखण नं0:– 2** इस समरेखण को इन्डेक्स में हरे रंग से दर्शाया गया है। यह समरेखण घनसाली–घुत्तू मोटर मार्ग के कि0मी0–02 (8–10), क्रास सैक्शन 1/30–1/31 से घनसाली कोटी–अखोड़ी मोटर मार्ग कि0मी0–03 (6–8) पर मिलता है। मोटर मार्ग में 1:20 फाल, लेबल ग्रेडिऐन्ट तथा 1:20 राईज प्रस्तावित किया गया है। मोटर मार्ग 100 मीटर लम्बाई में नाम भूमि, 325.00 मी0 आरक्षित वन भूमि तथा 75 मी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि से होकर गुजरता है। मार्ग के समरेखण में कोई भी H.P.बैण्ड नही है। यह समरेखण ग्राम सभा फलेण्डा के निकट अपने अन्तिम बिन्दु पर समाप्त होगा। मोटर मार्ग के प्रारम्भिक बिन्दु, पुल की एवेटमेंट तथा अन्तिम बिन्दु में उच्चता अन्तराल लगभग 10 मी0 होने के कारण 1:20 फाल एण्ड 1:20 राइज का गेडिऐन्ट प्रस्तावित किया गया है। इस समरेखण का लगभग 50 मी0 भाग तथा लेफ्ट अवेटमेंन्ट और अस्थिर भूमि/डंपिंग जोन से होकर गुजरता है। यह समरेखण तकनीकी रूप से उचित प्रतीत नही होता है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता, | सहायक अभियन्ता, | अधिशासी अभियन्ता, |
| अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली | अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली | अ0ख0, लो0नि0वि0, घनसाली |

प्रभागीय वनाधिकारी
टिहरी वन प्रभाग
नई टिहरी